परेशानी

मानसून की दस्तक के साथ ही बंद होने लगी बिजली सप्लाई, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

बिजली की आंख मिचौली, लो वोल्टेज बनी समस्या

नवभारत कटनी। मानसून का मौसम आते ही हर बार की तरह इस बार बिजली बंद होने, लो वोल्टेज रहने की समस्या से लोग परेशान हो रहे हैं। रविवार को प्रीमानसून दस्तक दे दी है, करीब एक घंटे तक बारिश हुई और उसी दौरान बिजली की आपूर्ति शहर के कई क्षेत्रों में बंद हो गई। कई इलाकों में सात से आठ घंटे तक ब्लैक आउट की स्थिति रही है। जिसके कारण क्षेत्र के लोग आक्रोशित हो गई और बिजली कार्यालय का घेराव कर दिया। समझाइस और सुधार कार्य किए जाने के आश्वासन के बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ। इस बीच बिजली के मुद्दे को लेकर कांग्रेस

ने सोमवार को बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंप कर बिजली की समस्या का समाधार करने की मांग की है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और नगर निगम पार्षद मिथलेश जैन ने बताया कि बिजली नहीं होने और लो वोल्टेज की समस्या से नगर निगम की जलापूर्ति प्रभावित हो रही है जिससे लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है, साथ ही इस भीषण गर्मी से आम जन का हाल बेहाल है विशेषकर मरीजों, बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब है। शिकायत के निराकरण में भी बिजली विभाग का रवैया ठीक नहीं है, शिकायत करने के बाद भी कई दिनों तक निराकरण नहीं किया जाता है, जिससे लोग काफी परेशान हो रहे हैं। इस दौरान कार्यपालन अभियंता द्वारा स्टाफ की कमी होने की जानकारी दी गई।

जिस पर कांग्रेस नेता मिथलेश जैन ने कांग्रेस पार्टी की ओर से 5 लाख रुपए देने को कहा और उससे जन सहयोग से कर्मचारी रख गर्मी में जनता की समस्या का निराकरण करने की मांग की। उन्होने कहा कि बिजली की समस्या के कारण नगर निगम का वॉटर प्लांट बंद होने से पूरे शहर की पानी की आपूर्ति बंद है। और लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए कार्यपालन अभियंता शहर द्वारा वॉटर प्लांट की सप्लाई चालू करवाई गई और 24 घंटे बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया। इस दौरान कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद मनोज गुप्ता ने वार्ड क्रमांक 18 में वोल्टेज की समस्या, बिजली कटौती, रामपुर खिरहनी के ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाने, प्रेमनगर में लगने वाले 134 खंभो के कार्यादेश जारी करने, प्रेमनगर मल्टी रोड में लगे ट्रांसफार्मर को चालू करने की मांग की।

प्रवेशद्वार का लोहे का पाइप टूटा, हादसे की आशंका

▸ जिला अस्पताल प्रबंधन नहीं करा रहा मरम्मत कार्य

नवभारत कटनी। जिला अस्पताल के प्रवेश द्वार में लगा लोहे का पाइप टूटन से हादसे की आशंका बनी हुई है। पिछले दो से तीन दिनों से लोहे का पाइप टूटा हुआ है, लेकिन जिला अस्पताल प्रबंधन इस समस्या के प्रति उदासीन रवैया अपनाए हुए है, लोहे का पाइप टूट जाने से अस्पताल आने और जाने वाले मरीजों और उनके परिजनों का पैर फंस सकता है और गंभीर हादसा हो सकता है बावजूद इसके अस्पताल प्रबंधन इस गंभीर समस्या के प्रति लापरवाह रवैया अपनाए हुए है, अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और जिला प्रशासन की उदासीनता के कारण हादसे



की आशंका बनी हुई है। प्रवेश द्वार पर लगे लोहे के पाइप टूटने मरीजों सहित उनके परिजनों को वहां से निकलने में परेशानी हो रही है, बावजूद इसके सुधार कार्य नहीं कराया जा रहा है।

एक नजर में

जन्मदिवस पर युवाओं ने किया पौधा रोपण

नवभारत, कटनी। वर्षा ऋतु में मत्स्य के वंश वृद्धि के दृष्टिकोण से उन्हें संरक्षण देने के लिए कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के सभी प्रकार के जल संसाधनो में मध्यप्रदेश नदीय मत्स्योद्योग नियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु के रूप में घोषित करते हुए इस अवधि में छोटे तालाब, अन्य स्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं हैं और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णत: प्रतिबंधित कर अधिसूचना जारी की गई है। साथ ही मत्स्य विक्रय, मत्स्य विनिमय एवं परिवहन करना भी प्रतिबंधित कर संज्ञेय दंडनीय अपराध की श्रेणी में माना जाएगा। इस अधिसूचना के उल्लंघन पर मप्र राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम 1981 की धारा 5 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का कारावास या 5 हजार रूपए या दोनो से दंडित किए जाने का प्रावधान है। इस अधिसूचना के माध्यम से जनसाधारण को इस अवधि में किसी भी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य क्रय, विक्रय या मत्स्य परिवहन नहीं करने और न ही इस कार्य में किसी अन्य को सहयोग देने के लिए कहा गया है।

खेत तालाब की सफाई

नवभारत, कटनी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जीर्ण-शीर्ण पेयजल स्रोतों और जल संरचनाओं के रखरखाव के लिए साफ-सफाई और स्वच्छता के कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत पथराड़ी पिपरिया में सरपंच आशा मंगीराम चौधरी की मौजूदगी और संस्कार युवा समिति तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्रमदान के माध्यम से मंदिर वाली तलैया एवं करण सिंह के खेत तालाब की साफ-सफाई और रखरखाव का कार्य संपन्न किया गया। इस अवसर पर मप्र जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक अरविन्द शाह द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि जल प्रकृति द्वारा दिया गया अमूल्य रत्न है, जिसे हम बना तो नहीं सकते, लेकिन सहेज और संरक्षित अवश्य कर सकते हैं। कार्यक्रम में विशेष रूप से सरपंच आशा मंगीराम चौधरी, सचिव बाला प्रसाद सहित अन्य की उपस्थिति रही।

खेत में बनेगा तालाब, सिंचाई के लिए मिलेगा पानी

▸ ग्राम पंचायत गुड़ाकला में बनाया जा रहा खेत तालाब

नवभारत उमरियापान। जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत गुड़ाकला में जागेश्वर भूमिया के खेत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब बन रहा है। इस खेत तालाब का निर्माण मनरेगा योजना के तहत किया जा रहा है। खेत तालाब बनने से जागेश्वर और उनका परिवार काफी खुश है। जागेश्वर बताते हैं कि मैं गरीब किसान हूं, पहले खेती के लिए पूरी तरह से मानसून पर निर्भर रहना पड़ता था। जिस वर्ष अच्छी बारिश नहीं होती थी उस वर्ष सिंचाई के अभाव में फसलें सूख जाया करती थी। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने

की वजह से जल क्रय कर सिंचाई करना संभव नहीं हो पाता था। जिससे सारी मेहनत और पूंजी व्यर्थ चली जाती थी। पर अब खेत तालाब बनने से सिंचाई की समस्या दूर हो जाएगी। साथ ही मैं इस तालाब में मछली पालन भी कर पाऊंगा। जिससे अतिरिक्त आमदनी होगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। इसके अलावा इस खेत तालाब को खुद सहभागिता कर तैयार करने के लिए काम करने से मुझे मनरेगा योजना के तहत मजदूरी भी प्राप्त हो रही है। खेत तालाब बनने से सिंचाई के पानी भी मिलेगा।

पुलिस को देखकर भाग रहा था बाइक सवार, गांजा सहित गिरफ्तार

▸ माधवनगर थाने की झिंझरी चौकी पुलिस ने की कार्रवाई

नवभारत कटनी। माधवनगर थाने की झिंझरी पुलिस चौकी क्षेत्र के बिलहरी मोड़ में वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस को देखकर भाग रहे एक बाइक सवार को पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया है। युवक की तलाश के दौरान उसके पास से गांजा मिला है। गांजा रखने के कारण ही बाइक सवार युवक पुलिस को देखकर भाग रहा था। पुलिस ने युवक से गांजा जब्त कर लिया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि बिलहरी मोड़ पर वाहन चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान कटनी की ओर से बिना नंबर की बाइक

में सवार होकर आ रहे युवक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन बाइक सवार रूकने की बजाय तेज रफ्तार में भागने का प्रयास करने लगा।

जिस पर पुलिस टीम ने उसे पीछाकर करते हुए गुमास्ता तालाब के पास से घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में युवक ने अपना नाम परषोत्तम लुनिया पिता जियालाल निवासी ग्राम भिटोनी थाना माधवनगर बताया।

पुलिस ने बाइक सवार युवक के पास मिले थैले की तलाशी ली तो उसके अंदर से गांजा मिला। गांजा करीब एक किलो 342 ग्राम हैद्ध जिसकी कीमत करीब 22 हजार पांच सौ रूपए आंकी गई है। पुलिस ने युवक की बाइक भी जब्त कर ली है।

आरोपी युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे, चौकी प्रभारी एसआई प्रिंयका राजपूत, एएसआई शशिभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक राजेश चौधरी, पंकज त्रिपाठी, आरक्षक जज कुमार, सुरेश कोरी, प्रीति तिवारी की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चिसिया के मार्गदर्शन में की गई है।

आधा दर्जन से अधिक गांव में 24 घंटे से बंद है बिजली

▸ उमरियापान क्षेत्र में बिजली की समस्या से बढ़ी परेशानी

नवभारत उमरियपान। उमरियापान विद्युत मंडल की लापरवाही के कारण क्षेत्र की ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। उमरियापान से लगे हुए ग्रामीण क्षेत्र टोला, बरेली, इटवां, हरदी , परसवाड़ा, सहलावन पिपरिया, बार, भनपुरा, डूडी, भरभरा आश्रम सहित अन्य गांवों में 24 घंटे से बिजली आपूर्ति बंद है। इस तरह की समस्या से लोगों को आए दिन रात भर बिना बिजली के गुजारना पड रहा है। क्षेत्र वासियों का कहना है कि आए दिन हमें इस समस्या

से जूझना पड़ता है। कई बार क्षेत्र के लोगों द्वारा लिखित शिकायत उमरियापान विद्युत मंडल में की गई है, लेकिन हर बार आश्वासन ही मिलता है, समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है, शासन द्वारा चौबीस घंटे बिजली उपलब्ध कराने के दावे किए जाते हैं, लेकिन हीकीकत इसके उलट है, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। विभाग के अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। विभाग के अधिकारी कभी मरम्मत कराए जाने, कभी फाल्ट सुधारे जाने का हवाला देते हैं, जबकि इस क्षेत्र में बिजली की समस्या स्थाई रूप ले रही है। शासन के नियम अनुसार बारिश होने के पहले तार खंभे ट्रांसफार्मर ये सभी के मेंटिनेंस के लिए हर वर्ष विद्युत विभाग के पास बजट आता है, बाजवूद इसके मरम्मत नहीं किया जाता है, मरम्मत का कार्य कागजों में तो पूरा कर लिया जाता है, लेकिन हकीकत में मरम्मत नहीं कराई जाती है, जरा सी बारिश होने में मरम्मत में दावों की पोल खुल जाती है। कभी विद्युत विभाग द्वारा इन तारों का मेंटिनेंस नहीं किया जाता आखिरकार मेंटिनेंस के मद का पैसा कहां चला जाता है ये एक सोचनीय विषय है शासन द्वारा कहा जाता है कि हम चौबीस घंटे बिजली देते हैं कोई कटौती नहीं की जाती है, जबकि ऐसा कुछ नहीं होता, कभी भी लाइट बंद कर दी जाती है, लाइट कब आएगी,, इसकी समय सीमा निर्धारित नहीं रहती है, बिजली सप्लाई बाधित होने की समस्या से ग्रामीण लगातार परेशान हो रहे हैं, लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं।

अनुपस्थित रहने पर परियोजना अधिकारी को नोटिस

▸ समय-सीमा की बैठक में की गई कार्यों की समीक्षा

नवभारत कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर सोमवार को समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने सीएम डैशबोर्ड, सीएम हेल्पलाइन, समग्र ई-केवाईसी, समय-सीमा के लंबित पत्रों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते भी मौजूद रहीं। बैठक के दौरान जिला पंचायत के सीईओ ने सीएम डैशबोर्ड केपीआई रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए कम स्कोर वाले विभागों को स्कोर में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीते शुक्रवार को सम्पन्न हुई संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में विभागों के उपस्थित न रहने पर नाराजगी जाहिर की।

उन्होंने उद्यानिकी विभाग के परियोजना अधिकारी संत कुमार त्रिपाठी के टीएल बैठक और हाल ही में संपन्न जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित न रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

चोरों का नहीं मिला सुराग

नवभारत कटनी। कोतवाली थाना क्षेत्र और बरही थाना क्षेत्र से चोरी की गई मोटर साइकिल के मामले में पुलिस को काई सुराग नहीं मिल हैं। हालांि पुलिस टीम अज्ञात चोरों की तलाश कर रही है। गौरतलब है कि कोतवाली थाने के चंद्रशेखर आजाद वार्ड निवासी असद नूर की सुजकी कंपनी की नीले रंग की बर्गमैन मोपेड को दस जून की रात करीब आठ बजे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। पुलिस ने चोरी की शिकायत पर 12 जून को अज्ञात चोर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। वहीं बरही थाना क्षेत्र के विजयराघवगढ़ रोड से संतोष गुप्ता के टपरा के पास से अज्ञात चोरों ने दो मोटर साइकिल को चोरी कर ली थी। दोनों ही चोरी के मामले में पुलिस के पास फिलहाल कोई सुराग नहीं है।



जिले में साढ़े दस लाख ईकेवायसी का कार्य पूरा

नवभारत कटनी। जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 10 लाख 76 हजार 440 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 82 हजार 222 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। नगर निगम अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 39 हजार 362 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो सका है। जनपद पंचायत कटनी में अब तक 1 लाख 30 हजार 941, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 63 हजार 64 लोगों की समग्र ई-केवाईसी कर ली गई है।

आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत, दो घायल

▸ बड़वारा थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में हुई घटना

नवभारत बड़वारा। जिले के बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया गांव में आज दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। दो महिलाओं को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बताया कि इमलिया गांव निवासी रामजी सिंह रघुवंशी बकरियां चराने के लिए पास के खेत में गए हुए थे, तभी अचानक आसमान से बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गए।

बिजली का झटका इतना जोरदार था कि उनकी मौके पर ही मौत हो

गई। घटना में पास की एक झोपड़ी में खड़ी दो महिलाएं भी बिजली की चपेट में आ गईं। जिसके दोनों घायल हो गई। जिसमें 27 वर्षीय अर्चना पति राजू राम और 25 वर्षीय राधा पति सागर शामिल हैं।

घटना के तत्काल बाद स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायल महिलाओं को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बड़वारा थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी

लोक सुनवाई की आम सूचना

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस0ओ0 1533 दिनांक 14/09/2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत **मेसर्स प्रोसपेक्ट रिर्सोसेस प्रा.लि. इमलिया गोल्ड एंड बेस मेटल ब्लॉक (Ag,Cu,Pb & Zn) माइनिंग ऑफ मिनिरल्स खसरा नं. 1536(P), 1557, 1563(P), 1564(P), 1565(P) एंड 1578 (P) ग्राम- इमलिया, तहसील- ढीमरखेड़ा, जिला-कटनी, लीज क्षेत्रफल 6.51 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता-33,214 टन प्रतिवर्ष, हेतु** पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम भटगवाँ सुनहरा, तहसील मुड़वारा, जिला कटनी (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य सरंक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक-3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र.प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र.प्रदूषण नियत्रंण बोर्ड एच.आई.जी.-4 हाउसिंग बोर्ड कालोनी विश्राम बाबा कटनी मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाईड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म0प्र0) के कार्यालय मे मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 18/07/2025 दिन गुरूवार को प्रातः 11:00 बजे **मेसर्स प्रोसपेक्ट रिर्सोसेस प्रा.लि. इमलिया गोल्ड एंड बेस मेटल ब्लॉक (Ag,Cu,Pb & Zn) माइनिंग ऑफ मिनिरल्स खसरा नं. 1536(P), 1557, 1563(P), 1564(P), 1565(P) एंड 1578 (P) ग्राम- इमलिया, तहसील- ढीमरखेड़ा, जिला-कटनी** के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

क्षेत्रीय अधिकारी

बैठक

नगरीय क्षेत्र के स्कूलों के प्राचार्यों की आयोजित बैठक में महापौर ने दिए निर्देश

समस्याओं का करें निराकरण, छात्रों को उपलब्ध कराएं सुरक्षित वातावरण

नवभारत कटनी। नगर निगम सीमांतर्गत संचालित शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के पठन पाठन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर प्रीति संजीव सूरी की अध्यक्षता में सोमवार को शहर के सभी शासकीय शालाओं के प्रधान अध्यापकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे भी मौजूद रहे।

बैठक में महापौर ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी शाला भवनों की बुनियादी

समस्याओं जैसे भवन मरम्मत, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, साफ-सफाई, जर्जर भवन का जीर्णोद्धार,विद्युतीकरण जैसी समस्याओं के निराकरण के लिए हर संभव प्रयास करना है, ताकि छात्र-छात्रा सुरक्षित वातावरण में बिना किसी व्यवधान के शिक्षा में अपना ध्यान केंद्रित कर शहर और प्रदेश का नाम रोशन कर सके। महापौर और निगमायुक्त ने उपस्थित सभी प्रधानाध्यापकों से उनकी शालाओं में व्याप्त समस्याओं की जानकारी चाही जाने पर अधिकांश प्रधानाध्यापकों द्वारा शाला भवन की छत मरम्मत, बैठक व्यवस्था, जल निकासी, साफ-सफाई की समस्याओं के संबंध में जानकारी दी गई। समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए निगमायुक्त ने क्षेत्रीय उपर्यंत्रियों को उनके प्रभार क्षेत्र में आने वाले शासकीय शालाओं का निरीक्षण कर सभी बुनियादी समस्याओं को चिन्हित करते हुए एक सप्ताह में प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है। निगमायुक्त ने सभी प्रधानाध्यपकों से कहा कि आप अपने जीर्ण-शीर्ण जर्जर शाला भवन की जानकारी दें। ताकि समय रहते ऐसे भवन को डिस्मेंटल कर संभावित दुर्घटनाओं को रोका जाकर छात्र-छात्राओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जा सके। बैठक में महापौर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और नगर को हराभरा बनाने के उद्देश्य से निगम प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर पौधारोपण किया जा रहा है, जनहित के इस महत्वपूर्ण कार्य में स्वेच्छा से आगे आकर अपनी शालाओं में अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करें।

Dr.V.B.Khare

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव

क्योर जोन

आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश
Cure Zone जमाए आस

मनोवैज्ञानिक परामर्श
डिप्रेशन, मानसिक आघात Pre & Post, सर्जिकल परामर्श Pre & Post, वैवाहिक परामर्श, Parenting, Counselling, Family Planning एवं आहार निर्देश

चर्मरोग हड्डियों के रोग, पेट के रोग, सिरदर्द और माइग्रेन, हृदय के रोग, मानसिक रोग, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, आंख, कान एवं नाक के रोग, सेक्सुअल प्रॉब्लम, लाइफ स्आइल प्रॉब्लम

डॉ. व्ही. बी. खरे
B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)

डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)

पता-क्योर जोन होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र, मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111

हमारे हिंदी योग एप Yogamonk को प्ले स्टोर से फ्री डाउनलोड करें और स्वास्थ्य लाभ उठायें